चलती ट्रेन से 63 लाख के जेवर और नकदी चुराने वाला गिरफ्तार

जीआरपी पुलिस ने वारदात के मुख्य सरगना को हरियाणा से दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजधानी जयपुर में चलती ट्रेन के एसी कोच से 63 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 2 लाख रुपए नकद चोरी होने के मामले का जीआरपी जयपुर ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को हरियाणा के महम से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पूरी ज्वेलरी और नकदी बरामद कर ली है।

जीआरपी अजमेर के एसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि चेन्नई निवासी जे. रोशन कुमार ने जयपुर जीआरपी थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट के अनुसार 1 मई को वह परिवार सहित ट्रेन से चेन्नई से जयपुर आ रहे थे।

दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर उन्होंने अपना ट्रॉली बैग एसी कोच की गैलरी में रख दिया। दुर्गापुरा स्टेशन पर उतरने के बाद परिवार रायपुर पहुंचा, जहां बैग खोलने पर ज्वेलरी बॉक्स और 2 लाख रुपए नकद गायब मिले।

राजधानी जयपुर में चलती ट्रेन के एसी कोच से 63 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 2 लाख रुपए नकद चुराने वाले बदमाश को जीआरपी पुलिस ने दबोचा।

- दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर 1 मई को हुई थी वारदात

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी जयपुर थानाधिकारी अरुण चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें संदिग्ध युवक बैग से सामान निकालते दिखाई दिए। जांच में सामने आया कि आरोपी सांगानेर स्टेशन के पास आउटर पर उतरकर ऑटो से चौमूं पुलिया पहुंचे और वहां से हरियाणा रोडवेज बस में फरार हो गए।

पुलिस ने मोबाइल लोकेशन, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से हरियाणा के महम क्षेत्र में दबिश देकर मुख्य आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 63 लाख रुपए के जेवरात और 2 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में जीआरपी के एएसआई जगदीश और आसिफ खान की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और ट्रेन में हुई अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है, ताकि शेष मामलों का खुलासा हो सके।

सूने मकान से लाखों रु.की चोरी

जयपुर। मुरलीपुरा इलाके में नकाबपोश बदमाशों ने सूने मकान पर निशाना सांधते हुए लाखों रुपए के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ किया और मौके से फरार हो गए। पीडित परिवार को वारदात की जानकारी शादी से लौटने के बाद चली। मकान का ताला टूटा देख पीडित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित ढेहर का बालाजी के परसराम नगर में रहने वाले सोनू अग्रवाल परिवार सहित शादी समारोह में शामिल होने गया था। तभी पीछे से नकाबपोश बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए उसके अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़ उसमें रखे सोने-चांदी के लाखों रुपए के आभूषण व नकदी चोरी कर फरार हो गए।

फ्लैट्स के ताले तोड़कर चोरी करने वाला बदमाश हरियाणा से गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। करधनी पुलिस ने फ्लैटों के ताले तोड़कर नकबजनी करने वाले एक शातिर चोर को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार कर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान बरामद किए हैं। आरोपी जयपुर में किराये के फ्लैट में रहकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने फ्लैटों के ताले तोड़कर नकबजनी करने वाले एक शातिर चोर दीपक सिंह उर्फ विशाल (30) निवासी कालूपुर सोनीपत (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित वर्तमान में जयपुर के जगतपुरा स्थित समृद्धि अपार्टमेंट में रह रहा था।

- आरोपी के कब्जे से चांदी का नोट व सिक्के, गणेश-लक्ष्मी की चांदी की फोटो फ्रेम, चांदी की दीया प्लेट, तीन चांदी की चेन, कानों के झुमके, दो चांदी के पैंडल, 41 चांदी की अंगूठियां, आर्टिफिशियल आइटम बरामद की पुलिस ने

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चांदी का एक नोट एवं दो चांदी के सिक्के, गणेश-लक्ष्मी की चांदी की फोटो फ्रेम, चांदी की दीया प्लेट, तीन चांदी की चेन, कानों के झुमके, दो चांदी के पैंडल, 41 चांदी की अंगूठियां, आर्टिफिशियल आइटम तथा वारदात में प्रयुक्त एक सूटकेस बरामद किया है। पुलिस शेष चोरीशुदा माल की बरामदगी के लिए आरोपी से पूछताछ कर रही है। करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि 4 मई 2026 को पीड़िता ने करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 1 मई को 206 बीघा चोरड़िया बिल्डिंग स्थित अपने फ्लैट को लॉक कर बाहर गई थीं। 3 मई को लौटने पर फ्लैट का ताला टूटा मिला और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी पाए गए। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने अधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को सोनीपत हरियाणा से हिरासत में लिया।

शादी का झांसा देकर पडौसी 8 साल तक करता रहा दुष्कर्म

जयपुर। जयपुर में एक युवती को उसके ही पडौसी ने शादी का झांसा देकर झूठे प्यार में फंसाया और 8 साल तक उसकी आबरू से खेलता रहा। पीड़िता ने जब शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। खुद के साथ धोखे का अहसास होने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पडौसी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है कि एक ही कॉलोनी में रहने के कारण दोनों के बीच बातचीत होती रहती थी। जिसके बाद पड़ोसी ने उसे प्यार के जाल में फंसाया और मिलने का झांसा देकर उसे अकेले में बुलाया। अकेलपन का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ जबदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया और 8 साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

पीड़िता ने आरोपी पर शादी करने का अंतिम दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से पूरी तरह मुकर गया और शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने न्याय के लिए पुलिस की शरण ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी पड़ोसी को धर-दबोचा।

पुलिस ने मामले की जांच पूरी करने के बाद शनिवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

सार-समाचार

भूपेश दीक्षित करेंगे मनोजागरण पदयात्रा

जयपुर। मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा राज्य सरकार के राज ममता कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर आगामी 19 मई को जयपुर में मनोजागरण पदयात्रा आयोजित की जाएगी। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह मई 2026 के अवसर पर आयोजित मनोजागरण पदयात्रा श्री देहलावास बालाजी मंदिर, सेक्टर-18, प्रताप नगर से सुबह 7 बजे से प्रारम्भ होकर, गुप्त वृन्दावन धाम, खाटू श्याम मंदिर - महल रोड, अपेक्स सर्किल, गाँधी सर्किल से महारानी कॉलेज, अशोक मार्ग होते हुए शहीद स्मारक पर दोपहर 2 बजे समाप्त की जाएगी। मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता भूपेश दीक्षित ने बताया कि वर्तमान समय में तनाव, अवसाद, चिंता, नशे की प्रवृत्ति, सामाजिक अकेलापन एवं आत्महत्या जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं जिसके कारण मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम को जन-स्वास्थ्य की प्राथमिकता बनाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल उपचार का विषय नहीं, बल्कि जागरूकता, समय पर पहचान, परामर्श, पुनर्वास एवं सामुदायिक सहयोग से जुड़ा व्यापक सामाजिक विषय है। दीक्षित ने बताया कि लगभग 21 किलोमीटर यह सम्पूर्ण पदयात्रा उनके द्वारा अकेले ही की जायेगी।

कियारा के कविता संग्रह का विमोचन

जयपुर। स्मृतियों पर लिखी गई कविता मन का बोझ हल्का करती है और दुख कम करती है। इससे कवि को बहुत राहत मिलती है। यह बात जयपुर की 14 वर्षीय लेखिका कियारा ग्वाला ने अपने पहले कविता संग्रह "द ओपनिंग एक्ट" पर जयपुर के अशोक क्लब में आयोजित चर्चा के दौरान कही। उन्होंने जयपुर के लेखक और पब्लिसिस्ट जगदीप सिंह के साथ संवाद किया। इससे पूर्व, पुस्तक का औपचारिक विमोचन पूर्व पुलिस महानिदेशक, एस.एन. जयरथ; लेखिका कियारा ग्वाला; जगदीप सिंह और अजय सिंघा द्वारा किया गया। चर्चा के दौरान कियारा ने बताया कि यह पुस्तक उनके स्वर्गीय दादा को समर्पित है, विशेषकर कविता द मैन हू टॉट मी एवरीथिंग और मैंगो सीजन। इस दौरान कियारा ने पुस्तक से कुछ कविताओं का पाठ किया, जिसने श्रोताओं को भावुक कर दिया। अपनी कविताओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह उन भावनाओं को अभिव्यक्ति देना चाहती हैं, जिन्हें शब्दों में व्यक्त करना कठिन होता है। इसमें स्पष्ट जवाब ढूंढने के बजाय, अनिश्चितता को अपनाया है।

कांग्रेस ने जयपुर में निकाला तांगा मार्च

जयपुर। कांग्रेस अभियोग अभाव अभियोग प्रकोष्ठ ने महंगाई के खिलाफ रविवार को जयपुर के अल्बर्ट हॉल से तांगा मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व कर रहीं कांग्रेस नेत्री योगिता पंकज शर्मा ने केंद्र सरकार को तेल संकट, महंगे दूध और गरीब विरोधी नीतियों पर जमकर घेरा। योगिता शर्मा ने कहा कि "पहले नोटबंदी, फिर गहनाबंदी, और अब पेट्रोल महंगा। अब जहाज रुके तो पेट्रोल और महंगा, बच्चों का दूध महंगा। ये हत्यारी सरकार है।" उन्होंने कहा कि लाल सागर और हार्मुज के जहाज रोके जा रहे हैं, रास्ता 15 दिन लंबा हो गया, किराया 3 गुना बढ़ गया। अमेरिका-जापान के पास महीनों का ऑइल रिजर्व है, भारत देश के पास 9 दिन का तेल क्यों? 9 दिन के तेल के भरोसे सुपर पावर बनने चले हैं? ये मैनेजमेंट नहीं, क्रिमिनल लापरवाही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल 120 रु तो पहले ही है, कल अगर जहाज रुके तो 200 रु होगा? इसलिए तांगा निकाला है - ये मजबूरी का सिंबल है। जब तक तेल 120 से नीचे नहीं आता, जब तक बच्चे का दूध और बहन का सोना आज़ाद नहीं होगा, ये तांगा रुकेगा नहीं।" कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के सचिव धर्मेंद्र शर्मा, महासचिव गौरी शंकर, उपाध्यक्ष कृष्णा सूद एवं आशा राठौर सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने "महंगाई वापस लो, 9 दिन का तेल नहीं चलेगा" के नारे लगाए। तांगा मार्च अल्बर्ट हॉल से शुरू होकर रामनिवास बाग, न्यू गेट, बापू बाजार होते हुए सांगानेरी गेट पर हुआ।

'ऐतिहासिक धरोहरें उपेक्षा की शिकार'

जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर कांग्रेस के मुख्य सचेतक एवं आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों, संग्रहालयों और पुरातात्विक स्थलों की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। रफीक खान ने कहा कि राजस्थान केवल एक राज्य नहीं, बल्कि दुनिया के सामने भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है। जब भी भारत की स्थापत्य कला, विरासत और ऐतिहासिक गौरव की बात होती है, तो सबसे पहले राजस्थान के किले, हवेलियां, महल और संग्रहालय पूरी दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि आज राजस्थान सरकार के पुरातत्व विभाग के पास अपनी धरोहरों को संभालने के लिए पर्याप्त बजट व संसाधन तक नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पुरातत्व विभाग की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। विभाग के पास पर्याप्त वाहन नहीं हैं, संरक्षण और देखरेख के लिए संसाधनों और कर्मचारियों की कमी है और ऐतिहासिक धरोहरों के रखरखाव के लिए सरकार के पास स्पष्ट नीति दिखाई नहीं देती।

जयपुर पुलिस ने हरियाणा से दो वाहन चोर दबोचे

जयपुर। जवाहर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में सामने कि आरोपित धार्मिक स्थलों और सुनसान जगहों से दोपहिया वाहन चुराते थे। आरोपित बेहद शातिराना तरीके से वाहनों के नंबर प्लेट हटाकर उनके चेसिस और इंजन नंबर से छेड़छाड़ करते थे, ताकि उन्हें आसानी से कबाड़ में बेचा जा सके।

पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर सुरेश सोनी (53) निवासी नाहरगढ रोड पुरानी बस्ती और रवि शर्मा (50) निवासी जयलाल मुंशी का रास्ता नाहरगढ़ रोड को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी के तीन दुपहिया वाहन (स्कूटी) भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि शातिर वाहन चोर अक्सर मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सुनसान जगहों पर खड़े दुपहिया वाहनों की रेकी करते थे और मौका पाकर उन्हें चुरा ले जाते थे। पकड़े जाने के डर से वे सबसे पहले वाहन की नंबर प्लेट हटा देते थे। इसके बाद गाड़ी के चेसिस और इंजन नंबर को पूरी तरह मिटा या बदल देते थे, ताकि वाहन की पहचान न हो सके और फिर उन्हें स्क्रेप में बेच देते थे। पुलिस ने आदर्श नगर और माणक चौक इलाके से चुराई गई दो अन्य स्कूटियां भी बरामद की हैं।

913 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी कुणाल और कैलाश

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की विद्याधर नगर थाना पुलिस और कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 913 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशा सप्लाई में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा स्कूटी भी जब्त कर ली। फिलहाल आरोपितो से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह शेखावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त पन्नालाल जांगिड के निर्देशन में थानाधिकारी हिम्मत सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी।जहां रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि चित्तौड़गढ के बेगू क्षेत्र से दो युवक अफीम लाकर जयपुर में सप्लाई करने की फिराक में घूम रहे हैं। इस पर पुलिस ने मंदिर मोड़ के आगे 16 नंबर बस स्टैंड रोड पर नाकाबंदी कर एक होंडा एक्टिवा को रुकवाया। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से 913 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी कुणाल (19) निवासी पटेल नगर शास्त्री नगर तथा कैलाश मेघवंशी (29) निवासी अराई जिला अजमेर को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने अफीम चित्तौड़गढ से लाना स्वीकार किया है। पुलिस अब सप्लायर और खरीददार नेटवर्क की जांच में जुटी है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक हरिराम, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार तथा कांस्टेबल श्यामलाल, दिनेश कुमार, महेश कुमार, महिपाल और सीएसटी के कांस्टेबल कृष्णपाल की विशेष भूमिका रही।

खदान में डूबने से युवक की मौत

जयपुर। जयपुर पुलिस के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में रविवार को पत्थर की खदान में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक दोस्तों के साथ खदान में भरे पानी में नहाने गया था। तैरते समय सांस फूलने से वह गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर शव बाहर निकाला।

सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू भवानी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अनुज (18) निवासी दांतली, शिवदासपुरा के रूप में हुई है। रविवार सुबह करीब 11 बजे वह दो दोस्तों के साथ गांव स्थित पत्थर की खदान में नहाने गया था। अनुज को तैरना आता था, इसलिए वह पानी में उतर गया, जबकि उसके दोनों दोस्त किनारे पर बैठे रहे। पुलिस के अनुसार अनुज तैरते हुए खदान के बीच तक पहुंच गया था। वापस लौटते समय अचानक उसकी सांस फूलने लगी और वह पानी में डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाकर परिजनों को सूचना दी। दोपहर करीब 12:30 बजे सूचना मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन प्रारंभिक सर्च ऑपरेशन में युवक का पता नहीं चल सका। इसके बाद एसडीआरएफ की आठ सदस्यीय टीम ने दोपहर करीब 3 बजे सर्च अभियान शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद 100 फीट लंबी, 80 फीट चौड़ी और करीब 25 फीट गहरी खदान से युवक का शव बाहर निकाला गया। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आरयूएचएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है।

युवती से छेड़छाड़ करने वाला बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। श्याम नगर इलाके में घर लौट रही एक स्कूटी सवार युवती का पीछा कर छेड़छाड़ करने का गंभीर मामला सामने आया है। हालांकि मुस्तैद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटों में आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने इसके लिए करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि वारदात जयपुर की रहने वाली एक 21 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि 13 मई की रात वह अपने दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए गई थी। दर्शन करने के बाद देर रात करीब 3 बजे वह स्वेज फार्म एरिया में खड़ी अपनी स्कूटी लेकर अकेले ही घर के लिए रवाना हुई थी। तभी रास्ते में एक स्कूटी सवार बदमाश उसके पीछे लग गया। बदमाश ने काफी दूर तक युवती का पीछा किया और श्याम नगर इलाके में एक सुनसान जगह देखकर युवती को अकेला पाकर उसे जबरन पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। युवती की आवाज सुनकर बदमाश घबरा गया और अपनी स्कूटी से यू-टर्न लेकर मौके से फरार हो गया। वारदात के बाद सहमी पीड़िता ने रास्ते में नाकाबंदी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अपनी आपबीती सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्याम नगर थाना पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की। पुलिस टीम में शामिल कॉन्स्टेबल पवन कुमार ने वारदात के रूट और आस-पास के क्षेत्रों के 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान सुनील कुमार (39) के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी और श्याम पथ, श्याम नगर निवासी सुनील कुमार को धर-दबोचा। पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

रामगंज थाने में पुलिस कमिश्नर ने सुनी समस्याएं

जयपुर। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने रविवार को रामगंज थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की शिकायतों का तत्काल समाधान भी किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) अजय सिंह, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर-प्रथम, सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज एवं माणक चौक सहित संबंधित थाना अधिकारियों एवं एसएचओ मौजूद रहे।

- जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतों का मौके पर किया गया समाधान

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने रविवार को रामगंज थाने में जनसुनवाई की।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि आमजन को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से थाना स्तर पर प्रतिदिन जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में आपसी मुकदमे, पारिवारिक विवाद, जमीन संबंधी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं पर तुरंत रिस्पॉन्स देने तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के दौरान रामगंज सर्किल के रामगंज एवं गलता गेट थाना क्षेत्र तथा माणक चौक सर्किल के माणक चौक, सुभाष चौक एवं महिला थाना उत्तर क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त के समक्ष रखीं और समाधान प्राप्त किया।

जनसुनवाई की विशेषता यह रही कि अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि समय लेने वाले मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, बस्सी, शिवदासपुरा, चौमूं एवं आमेर में भी जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा चुका है।

विवाहिता ने किया आत्महत्या का प्रयास

जयपुर (कासं)। जयपुर पुलिस के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में रिश्तेदारों की कथित मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। समय रहते पति के पहुंचने और तत्काल अस्पताल ले जाने से महिला की जान बच गई। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी सरला यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 37 वर्षीय विवाहिता ने पर्चा बयान में बताया कि वह अपने पति और सास के साथ रहती है। उसके घर के पास रहने वाली कुछ रिश्तेदार महिलाएं अक्सर उसकी सास को उसके खिलाफ भड़काती थीं, जिससे घर में लगातार विवाद और तनाव का माहौल बना रहता था। पीड़िता के अनुसार घरेलू कलह से परेशान होकर उसने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ ही मिनट बाद उसका पति कमरे में पहुंच गया और पत्नी को फंदे से लटका देख तुरंत नीचे उतार लिया। इसके बाद वह उसे तुरंत सांगानेरी गेट स्थित दुर्लभजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों के समय पर उपचार से उसकी जान बच गई। मेडिकल सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज किए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

300 श्रद्धालुओं ने अर्पित की आहुतियां

जयपुर। ज्येष्ठ अधिक मास के पावन अवसर पर रविवार को गोविंद देव जी मंदिर में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में श्रद्धा, वैदिक परंपराओं और आध्यात्मिक उल्लास के साथ श्री नारायण पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ में पांच पारियों में 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति, राष्ट्र उन्नित, मानव कल्याण और प्रकृति संतुलन की कामना से यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी द्वारा ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी, वेदमाता गायत्री और गुरु सत्ता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़े गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में देव आवाहन एवं षोडशोपचार पूजन संपन्न कराया गया।

शिक्षक मन परिवर्तन कर राष्ट्र विकास के लिए कार्य करे : राज्यपाल

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि प्रशासनिक पदों पर चयनित अधिकारी पिछडे और कमजोर वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान का विशेष ध्यान रखें। इसी से जीवन में दुआएं मिलेगी और नाम होगा। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण अर्थ है, गांव और गरीब लोगों के लिए समय देकर उनके कार्य करना। राज्यपाल बागडे रविवार को विद्याभारती, राजस्थान द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समारोह में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद के 59 नव चयनित और तीन नव चयनित भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि आजादी के बाद देश में आदर्श संस्कारों और नैतिक मूल्यों के प्रसार में विद्याभारती ने निरन्तर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 से ही देश में शिक्षा और संस्कृति के प्रसार में यह संगठन कार्य कर रहा है। उन्होंने प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों को अपना मन परिवर्तन कर देश के बच्चों को प्रतिभाशाली बनाने के लिए कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। झोपडी से महल तक की यात्रा शिक्षा से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि देश में लॉर्ड थॉमस मैकाले ने देश में ऐसी शिक्षा के बीज डाले कि जैसे हम सदा गुलाम मानसिकता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से अब उस गुलाम मानसिकता से मुक्ति की राह निकली है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों के मन में नैतिकता की शिक्षा का प्रसार किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नैतिकता के भाव मन में रहते तो पेपर लीक जैसी घटनाएं नहीं होती। उन्होंने समृद्ध प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली की चर्चा करते हुए कहा कि तक्षिशला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय भारत की धरोहर थे। उन्होंने बप्पा रावल को याद करते हुए कहा कि वह महान योद्धा थे। देश में अरबों के आक्रमणों को रोकते हुए रावल पिंडी तक उन्होंने खदेड़ा। उन्हीं के नाम से रावल पिंडी स्थान हुआ। राज्यपाल ने कहा कि डिग्री लेना ही पर्याप्त नहीं है, जरूरी यह भी है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी युवा प्रतिबद्ध होकर तैयारी करें। उन्होंने कहा कि बांसवाड़ा, उदयपुर, डुंगरपुर आदि में पचास प्रतिशत से अधिक जनजातीय लोग रहते हैं।